## संक्षिप्त

### कार्यशाला का समापन

**ब्यावर** (निसं) आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय में विद्या भारती चित्तौड़ प्रांत द्वारा आयोजित शिशु वाटिका एवं संस्कार केंद्र प्रशिक्षण वर्ग के समापन समारोह में नवीन कुमार झा (प्रांतीय निरीक्षक, चित्तौड़ प्रांत ) मुख्य अतिथि रहे। संजय शर्मा (जिला सचिव, विद्या भारती संस्थान अजमेर) , रमेश चंद भराडिया ( अध्यक्ष, विद्यालय प्रबंध समिति) अनीता सेन (शिशु वाटिका प्रमुख चित्तौड़ प्रांत ) उदय प्रकाश ( जिला सचिव, विद्या भारती संस्थान बूंदी) संठााम सिंह ( जिला संस्कार केंद्र प्रमुख) उपस्थित थे।समापन सत्र में नवीन कुमार झा (प्रान्तीय निरीक्षक चित्तौड़ प्रांत ) ने अपने संबोधन बताया कि विद्या भारती द्वारा संचालित शिशु वाटिका व्यवस्थित बाल शिक्षा के रूपरेखा के तहत कार्य करती है जो आगे चलकर व्यक्ति के समठा विकास व्यक्तित्व के विकास का आधार बनती है और संस्कार केंद्र सेवा करने का एक सशक्त माध्यम है।

### सफाई व्यवस्था चरमराई

**मदनगंज-किशनगढ़**, (निस)। शहरी क्षेत्र में सफाई व्यवस्था पुरी तरह चरमरा गई है, जिसके चलते वार्डो में गंदगी के ढेर पडे रहने से महामारी की आशंका उतपन्न हो गई। प्रतिपक्ष नेता हमीदा बानो ने नगर परिषद आयुक्त सीता वर्मा को पत्र प्रेषित कर बदहाल सफाई व्यवस्था को लेकर सार्थक कार्यवाही करने की मांग की है। प्रतिपक्ष नेता बानो ने बताया की ठेकेदार द्वारा सफाई कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं दिये जाने के कारण कर्मचारी काम पर नहीं आ रहे है। प्रत्येक वार्ड में केवल एक पुरुष व दो महिला सफाई कर्मचारी ड्यूटी पर आ रहे है, जबकि 10-12 कर्मचारियों के काम पर आने पर ही वार्डवासियो को राहत मिल सकेगी। काफी समय से ठेकेदार द्वारा कर्मचारियों को वेतन समय पर देने से ऐसी स्थिति बनती रहती है। हमीदा बानो ने ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्यवाही कर जनहित से जुडी समस्या का समाधान करने की मांग की है।

### सालाना उर्स 12 मई को

अजमेर, 10 मई (कासं)। विख्यात सूफी संत बाबा बादामशाह के गुरु हज़रत मौलाना मोहम्मद निज़ामुलहक़ 'उवैसी' र.ह. कलन्दर का सालाना उर्स सोमवार, 12 मई 2025 को आस्ताना सोमलपुर शाही का बाडिया, अजमेर में मनाया जायेगा। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए उवैसिया रूहानी सत्संग आश्रम के अध्यक्ष गुरुदत्त मिश्रा ने बताया कि प्रात: 6 बजे गुसल और प्रात: 8 बजे फातिहा, 11 बजे मिलाद शरीफ, 12:30 बजे बाद भोजन प्रसादी का आयोजन किया जायेगा। सायं 5 बजे से वर्तमान गुरु मुनेन्द्र दत्त मिश्रा उवैसी की अगुवाई में चादर का आयोजन किया जायेगा, जिसमें दूर-दूर से आये जायरीन अपनी मुरादें पूरी होने पर दादा हुजूर मोहम्मद निज़ामुलहक़ 'उवैसी' र.ह. कलन्दर साहब की खिदमत में चादरें पेश कर अपना शुक्राना अदा करेंगे। रात्रि 8:30 बजे भोजन प्रसादी एवं रात्रि 10 बजे से सुबह तक महफिल व रंग का आयोजन किया जायेगा।

### स्काउट गाइड ने बांधे परिंडे

**ब्यावर** (निसं)। सनातन धर्म राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य दिनेश कुमार डीरा ने बताया कि विद्यालय के स्काउटर मुरली मनोहर जाटव के नेतृत्व में विद्यालय के स्काउट गाइड ने पक्षियों के लिए परिंडे बांधे गए ।इस अवसर पर स्थानीय संघ जवाजा के सचिव सुरेश चन्द फुलवारी,स्थानीय संघ मसूदा के सचिव ने मोहन सिंह चौहान, स्काउटर बलराज सिंह राठौड, स्काउटर सुमित फौजदार,सरिता नेरेनिया ,सुनीता गहलोत, योगेन्द्र सिंह,विद्यालय के स्काउट और विद्यालय परिवार उपस्थित रहे।स्काउटर मुरली मनोहर जाटव ने प्रत्येक स्काउट को एक एक परिंडे में प्रतिदिन पानी भरने की जिम्मेदारी दी।

### दिया कुमारी आज अजमेर में

**अजमेर ।** उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी रविवार को सुबह 11 बजे अजमेर पहुंचेंगी। वे यहां श्री क्षत्रिय प्रतिभा विकास एवं शोध संस्थान द्वारा जेएलएन मेडिकल कॉलेज के भीमराव अम्बेडकर सभागार में आयोजित 24वें प्रतिभा सम्मान समारोह में भाग लेंगी। इसके बाद अजमेर एवं ब्यावर जिले की सुरक्षा तथा आपदा प्रबंधन के सम्बन्ध मे दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट सभागार मे समीक्षा बैठक ली जाएगी। वे मातृ दिवस के उपलक्ष में रूपनगढ़ के कोटड़ी गांव में माताओं बहनों से भी रूबरू होंगी। इसके पश्चात उनका जयपुर प्रस्थान का कार्यक्रम है।

# स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की कलेक्टर लोक बन्धु ने की समीक्षा

**अजमेर,** 10 मई (कासं)। जिला कलेक्टर लोक बन्धु द्वारा शनिवार को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान आपात परिस्थिति में तैयार रहने के निर्देश दिए हैं।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ज्योत्स्ना रंगा ने बताया कि जिला कलेक्टर लोक बन्धु द्वारा विभागीय कार्यों की समीक्षा की गई। इस दौरान किसी भी आपात स्थिति के समय कार्य करने के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए गए। इसके लिए जिले में मॉकड्रिल का भी आयोजन किया। इस दौरान घायलों के उपचार तथा एक साथ बड़ी संख्या में भीड़ आने पर उपचार करने का पूर्व अभ्यास हुआ। आपात स्थिति को देखते हुए त्वरित गति से नियमानुसार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की भर्ती पूर्ण करने के निर्देश दिए।



जिला कलेक्टर लोक बन्धु ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान आपात परिस्थिति में तैयार रहने के निर्देश दिए ।

उन्होंने बताया कि समीक्षा के दौरान जिले में जीवन रक्षक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इन दवाओं को प्रत्येक स्वास्थ्य केंद्र पर उपलब्ध कराए। आवश्यकता होने पर अतिरिक्त दवाओं की खरीद करके रखें। इसी प्रकार चिकित्सक सहित समस्त कार्मिक भी कार्य करने के लिए 24 घंटे तत्पर रहेंगे। इसके लिए समस्त आवश्यक तैयारियां अग्रिम पूर्ण कर ले। आपात स्थिति में घायलों का उपचार सुनिश्चित करने के लिए अस्थाई चिकित्सालय की स्थापना के लिए भी कार्य करें। इसके लिए भवन चिह्नीकरण के साथ-साथ घटनास्थल पर ही उपचार आरंभ करने की कार्य योजना बनाई जानी चाहिए।

■ आपातकालीन स्थिति में तैयार रहने के दिए निर्देश

नियंत्रण कक्ष स्थापित- डॉ. रंगा ने बताया कि जिला कलेक्टर लोक बन्धु के निर्देशानुसार जिला स्तरीय आपदा प्रबंधन नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। इसके दूरभाष 0145 - 2631111 है। इस पर संपर्क कर व्यक्ति आपातकालीन स्थिति में सहयोग प्राप्त कर सकते हैं। यह नियंत्रण कक्ष 24 घंटे सातों दिन कार्यरत रहेगा। पारी के अनुसार नियंत्रण कक्ष के प्रभारी अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। जिला कलेक्टर ने देखी एंबुलेंस में उपलब्ध सुविधाएं- डॉ. रंगा ने बताया कि जिला कलेक्टर लोक बन्धु जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता के प्रति संवेदनशील है। उन्होंने शनिवार को एंबुलेंस का आकस्मिक निरीक्षण किया।

## भारतीय सेना का बढ़ाया हौसला

**आसीन्द,** (निसं)। आसींद पुलिस चौकी बस स्टैंड पर आज आम मुस्लिम समाज ने एकजुट होकर पाकिस्तान की कायराना हरकतों के खिलाफ और भारतीय सेना के सम्मान में ज़ोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने बड़ी संख्या में इकट्ठा होकर पाकिस्तान विरोधी नारे लगाए और भारतीय सेना के समर्थन में 'भारतीय सेना जिंदाबाद' के उद्घोष किए।प्रदर्शन में शामिल लोगों ने पाकिस्तान द्वारा सीमा पर की जा रही आतंकवादी गतिविधियों और निर्दोष नागरिकों पर हमलों की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की यह कायराना हरकतें किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएंगी।

आम मुस्लिम समाज के सदस्यों ने भारतीय सेना के शौर्य और बलिदान को सलाम करते हुए कहा कि पूरा देश अपनी सेना के साथ खड़ा है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत के मुसलमान हमेशा देश की एकता और अखंडता के लिए समर्पित रहे हैं ।

# दो दीक्षार्थी का वरघोड़ा निकाला

**ब्यावर** (निसं) मुमुक्षु दौलत राज तातेड़ की दीक्षा के तहत शनिवार वर घोड़ा जुलूस के रूप में शहर के मुख्य मार्गो से निकल गया। जुलूस प्रात: सिटी डिस्पेंसरी के सामने निवास स्थान से आरंभ हुआ जो मालयन चौपड, लोहारन चौपड, एकता सर्कल और तेलियां चौपड़ होते हुए पुन: निवास स्थान पहुंचा। जुलूस में बीरबल नृत्य तथा जालौर के ढोल प्रमुख आकर्षण के केंद्र रहे। तत्पश्चात जवाहर भवन में प्रमुख दौलत राज तातेड का विभिन्न संस्थाओं श्री स्थानकवासी जैन वीर संघ, श्री जैन मित्र मंडल, श्री प्रज्ञा मित्र समिति, श्री खरतर गज जैन संघ, श्री तपागंज जैन संघ, श्री तेरापंथ सभा भवन, श्री प्रज्ञा सोहन सुदर्शन, श्री जैन दिवाकर श्रावक संस्थान, श्री शांत क्रांति जैन संघ, श्री जयमल जैन श्रावक संघ, श्री रतन हितेषी श्रावक संघ, श्री अरिहंत मार्गी जैन महासंघ, श्री लोकाशाह जैन नवयुवक मंडल जैन एकता मंच,श्री नानक प्रज्ञा जैन संघ,

■ जुलूस में बीरबल नृत्य तथा जालौर के ढोल प्रमुख आकर्षण के केंद्र रहे।

श्री लोकाशाह जैन महीला मंडल,श्री मरुधर केसरी जैन संघ, श्री वर्धमान जैनसंघ, श्री सुधर्म जैन श्रावक संघ, श्री जीतो मेन शाखा, अखिल भारतीय जैन अल्पसंख्यक श्री जी.पी.पी. रिसर्च फाउंडेशन, श्री ओसवाल जैन, श्री सकल जैन संघ गाड़ी थोरियम, विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय मंत्री उमाशंकर जी, ब्यावर परियोजना प्रमुख लक्ष्मी नारायण, नरेश कनौजिया, पृथ्वी सिंह भोजपुर, पूर्व आईपीएस नेम सिंह , पारस पंच, अजय शर्मा, सोहन मेवाड़ा, पदम गाडियां, संजय सिंह गहलोत, राधेश्याम दर्जी,दिलीप सिंह, साहू, शहर की अनेक पार्षद गण द्वारा बहूमान कर दीक्षा की अनुमोदना की गई और वीर परिवार का भी अभिनंदन किया गया। दीक्षा महोत्सव कार्यक्रम में जोधपुर 1008 पार्श्व पद्मावती मंदिर के माताजी महाराज महासती श्रो चंदना श्री जी पधारे। उन्होंने अपने आध्यात्मिक उद्बोधन से आशीर्वचन कहे और दीक्षार्थी के सफल संयम जीवन की अनुमोदना की गई । शाम को दौलत राज को परिवार के सदस्यों द्वारा भावभीनी विदाई दी जाएगी। इन सभी कार्यक्रमों में वीर परिवार, उनके मेहमान, और शहर के गणमान्य व्यक्ति शामिल रहे। कार्यक्रम में गौतम संचेती, जसवंतराज बाबेल, धनेन्द्र डोसी, राजू भाई सेठिया , संजय चोरड़िया, रमेश बाकलीवाल, मनीष राकां, नरेंद्र सुराणा, अनिल डोसी, महावीर नाहर, नरेंद्र सुराणा, मनीष राका, दिलीप बाफना, अमित की कावड़, रुपेश, पंकज नाहटा, हितेश कोठारी, संजय नाहर, आशीष पाल पदावत, नरेंद्र पद्मावत, सोहन मेवाड़ा, अनिल डोसी, गौतम संचेती आदि उपस्थित थे।

## जिले में ड्रोन पर रहेगा प्रतिबंध

**अजमेर,** (कासं)। सामरिक दृष्टि से संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सुरक्षा व निगरानी एवं समन्वय को सुनिश्चित करने के लिए सम्पूर्ण जिले में अनावश्यक ड्रोन गतिविधियों को प्रतिबंधित किया गया है।

जिला मजिस्ट्रेट लोक बन्धु ने बताया कि असामाजिक तत्वों द्वारा वर्तमान परिदृश्य के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था की स्थिति प्रभावित की जा सकती है। इससे सामान्य जनजीवन प्रभावित हो सकता है। इससे जानमाल की हानि हो सकती है। लोकशान्ति भंग होने की सम्भावना हो सकती है। इस कारण संपूर्ण जिले की राजस्व सीमा क्षेत्र मे संबंधित उपखण्ड मजिस्ट्रेट की सक्षम स्वीकृत के बिना ड्रोन संचालन नहीं किया जाएगा। यह आदेश सरकारी गतिविधियों यथा सेना, पुलिस, सशस्त्र बल, होमगार्ड एवं कानून व्यवस्था में संलग्न अधिकारियों तथा रेल्वे के लिये लागू नहीं होगा। यह प्रतिबंध आगामी आदेशों तक जारी रहेगा।

## 1273 मामले चिह्नित, 60 में राजीनामा

**पुष्कर**,10 मई (निसं)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) अजमेर के निर्देशानुसार आज तालुका विधिक सेवा समिति, पुष्कर में आयोजित हुई।

राष्ट्रीय लोक अदालत में राजीनामें योग्य फौजदारी, सिविल, धन वसूली, बिजली, पानी, ट्रेलीफोन आदि के कुल 1273 प्रकरण चिन्हित किये गये जिनमें से कुल 60 प्रकरणों का राजीनामें के माध्यम से निस्तारण किया गया जिनमें कुल 5858808 रूपये का अवार्ड पारित किया गया। लोक अदालत में 05 वर्ष पुराने लंबित 02 व 10 वर्ष पुराने 01 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। तालुका विधिक सेवा समिति पुष्कर एवं न्यायालय वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पुष्कर तथा ठााम न्यायालय पीसांगन हेतु एक बैच का गठन किया गया जिसमें श्री विमल व्यास (ऐसीजेम पुष्कर), अध्यक्ष एवं कुलदीप पपाराशर पैनल अधिवक्ता सदस्य थे। लोक अदालत में सहायक अभियोजन अधिकारी श्री ओमप्रकाश चौधरी, एसके चौधरी, श्री सरफुदीन एसबीआई बैंक शाखा पुष्कर के प्रबंधक श्री देवेन्द्र कुमार शर्मा, सहायक अभियंता, एवीवीएनएल पीसांगन श्री विकास शर्मा, सहायक अभियंता एवीवीएनएल पुष्कर तथा बैंक आफ बड़ौद्रा शाखा के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# लोक अदालत में 271 प्रकरणों का अंतिम रूप से निबटारा



लोक अदालत ब्यावर तालुका में दो बैंचों का गठन कर मामले निबटाए गये।

**ब्यावर** (निसं) राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार शनिवार 10 मई को ब्यावर तालुका न्यायक्षेत्र में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन कर प्रकरणों का अंतिम रूप से निस्तारण किया गया। उक्त लोक अदालत के लिए ब्यावर तालुका में दो बैंचों का गठन किया गया। बैंच सं. 1, अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश सं.1 ब्यावर डॉ. वीनू नागपाल ने कुल 113 प्रकरणों का निस्तारण आपसी राजीनामें के माध्यम से लोक अदालत में किया, जिसमें मोटर वाहन दुर्घटना दावा के 32 प्रकरणों में पीड़ितों के पक्ष में एक करोड़ दस लाख अस्सी हजार रूपये के अवार्ड पारित किये। बैंच सं.2, अति. सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजि. सं.2, ब्यावर सुश्री सुषमा जाखड़ ने 158 प्रकरणों का निस्तारण आपसी राजीनामें के आधार पर किया, जिसमें चेक अनादरण के 64 प्रकरण अंतिम रूप से निस्तारित किये गये।प्री-लिटिगेशन स्तर पर विद्युत विभाग, बैंक व अन्य वित्तीय संस्थानों के 37 प्रकरणों को राजीनामे से निस्तारित करवाया गया। अधिशाषी अभियन्ता विष्णुदत्त दुबे, सहायक अभियन्ता अजयराज, आशीष खण्डेलवाल, अमित यादव, अंजली मूंदड़ा, मोनिका तातेड़, एन.एम.माली, आदित्य गहलोत, रोहित दाधीच, मुकेश भाटी, एस.पी. मीणा व एसबीआई बैंक अधिकारीगण जिज्ञासा वर्मा, विजय कुमार, अरूण कुमार व युनियन बैंक, बैंक ऑफ बडौदा व भारतीय संचार निगम लि. के अधिकारीगण उपस्थित रहे। राष्ट्रीय लोक अदालत में प्रकरणों के आपसी राजीनामा के आधार पर निस्तारण में जिला कलेक्टर, उपखण्ड अधिकारी , तहसीलदार, नायब तहसीलदार, बार संघ अध्यक्ष अधिवक्ता दिलीप सिंह गोरा, सचिव नरेन्द्र शर्मा, वरिष्ठ अधिवक्तागण ललित सटाक, टीकमसिंह चौहान, बालकिशन गोठवाल,, दिलीप गोठवाल एवं अन्य समस्त अधिवक्तागण का विशेष योगदान रहा।

## आवेदन की अंतिम तिथि 15 मई

**मसूदा ।** जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी विशाल सिंह सोलंकी ने जानकारी देते हुए कहा कि राजस्थान सरकार बजट वर्ष 2025-26 की घोषणा के अन्तर्गत मुख्यमंत्री दिव्यांग स्कूटी योजना-2025 के लिए विशेष योग्यजनों से आवेदन आमंत्रित किए गए है। इसमें अजमेर जिले को आवंटित लक्ष्य 77 हुए है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक जयप्रकाश ने बताया कि मुख्यमंत्री दिव्यांग स्कूटी योजना की पात्रता की शर्त एवं वांछित दस्तावेज निर्धारित किए गए है। आय प्रमाण पत्र के लिए पीपीओ आदेश अथवा 2 लाख रूपए से कम आय का प्रमाण पत्र होना चाहिए। नि:शक्तता प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, जन आधार कार्ड, आयु प्रमाण पत्र, कॉलेज जाने का प्रमाण, रोजगार पर जाने का प्रमाण एवं आवेदक द्वारा पिछले 8 वर्ष में भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित किसी भी योजनान्तर्गत मोटराइज्ड ट्राई साइकिल एवं स्कूटी वाहन प्राप्त नहीं किए जाने के संबंध में शपथ पत्र देना होगा।

## सार-समाचार

### अभिभावकों सम्मानित

**अजमेर ।** अद्वैत, सेंटर फॉर एक्सीलेंस इन एजुकेशन एंड थेरेपी में वार्षिक उत्सव और मातृ दिवस समारोह का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस विशेष कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. प्रीति गर्ग और डॉ. रीना चैरेसिया ने अपने प्रेरणादायक संबोधन से सभी का मनोबल बढ़ाया। कार्यक्रम में संस्था के निदेशक राकेश कौशिक ने संस्था की उपलब्धियों और लक्ष्यों के बारे में जानकारी दी। वहीं, मुख्य कार्यकारी क्षमा आर. कौशिक ने अभिभावकों से वर्षभर में बच्चों के साथ हुए कार्य की जानकारी ली। समारोह की शुरुआत बच्चों की फैशन वाक और नृत्य प्रस्तुतियों से हुई, जिनमें बच्चों ने अपनी कला और प्रतिभा का अद्भुत प्रदर्शन किया। फैशन वाक में बच्चों ने अपनी सुंदर और आकर्षक पोशाकों में आत्मविश्वास से परेड की, वहीं नृत्य प्रस्तुतियों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इन प्रस्तुतियों में पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर आने वाले बच्चों को सेन्टर की ओर से पुरस्कार प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त, बच्चों को उनकी शैक्षिक प्रगति के लिए प्रगति पत्र भी वितरित किए गए, जो उनके निरंतर विकास और परिश्रम को प्रमाणित करते हैं। यह उन्हें उनके प्रयासों के लिए प्रोत्साहित करने का एक महत्वपूर्ण तरीका था। समारोह में अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया, जिन्होंने सेन्टर में नियमित रूप से आने, स्वच्छता का ध्यान रखने और सेन्टर की गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लिया। इन अभिभावकों के योगदान को सराहते हुए उन्हें पुरस्कार देकर उनका उत्साह बढ़ाया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन सेन्टर के शिक्षक-शिक्षिकाओं की कड़ी मेहनत और समर्पण से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सेन्टर के समर्पित स्टाफ की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिसमें प्रेरणा शर्मा, संतोष, दीपाली और शानू कांवरिया का विशेष योगदान रहा। उनके प्रयासों के बिना यह कार्यक्रम इतना सफल नहीं हो सकता था। इस पूरे आयोजन ने न केवल बच्चों की कला को सम्मानित किया, बल्कि सेन्टर और घर के बीच मजबूत संबंधों को भी प्रोत्साहित किया, जिससे सभी ने इस दिन को एक यादगार अनुभव के रूप में संजो लिया।कार्यक्रम के अंत में अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

### विधायक मद से वाहन की अनुशंषा

**मदनगंज-किशनगढ़ ।** विधायक डॉ विकास चौधरी ने कहा काफी समय से राजकीय यज्ञनारायण अस्पताल में सोनोग्राफी मशीन बंद पड़ी है, जिससे मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है । उन्होंने मेडिकल रिलीफ सोसायटी की बैठक में सख्त लहजे से जनहित से जुडी समस्या का समाधान करने के निर्देश देते हुए कहा राजकीय अस्पताल को रेफर अस्पताल बना दिया है, इसके लिए सभी को मंथन करने की जरूरत है। सरकार से सभी सुविधा मिलने के बावजूद कोई सुधार नहीं हो रहा है। कलेक्टर को प्रस्ताव बनाकर भेजो और एमआरएस जिला कलेक्टर गजेंद्र सिंह सहित सदस्यों ने प्रस्ताव पास कर चिकित्सक रखने का निर्णय लिया। विधायक डॉ चौधरी ने विधानसभा में भी बंद पडी सोनोठााफी को लेकर ध्यान आकर्षित किया, सरकार ने डॉक्टर भी लगा दिया, लेकिन ज्वाइन नहीं किया। बैठक में विधायक चौधरी की अनुशंसा पर विभिन्न वित्तीय स्वीकृतियों का अनुमोदन किया। अस्पताल में विभिन्न प्रकार के निर्माण व मरम्मत के लिए 12.42 लाख व आवश्यक चिकित्सकीय उपकरण, मशीनरी हेतु 23.99 खर्च किए जाएंगे। साथ ही चिकित्सको की वर्षो से लंबित मांग को पुरा कर विधायक मद से वाहन स्वीकृत किया। विधायक चौधरी ने अस्पताल का निरिक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान अस्पताल इंचार्ज डॉ. परसाराम चौधरी, ब्लॉक अध्यक्ष मोहित खंडेलवाल भी मौजूद रहे।

### पत्रकारों को किया सम्मानित

**ब्यावर** (निसं) राजस्थान पेंशनर समाज जिला शाखा की मासिक मीटिंग आज शुक्रवार को राज दरबार गार्डन एवं राज रेस्टोरेंट मसूदा रोड अध्यक्ष नारायण सिंह पवार की अध्यक्षता में संपन्न हुई । मासिक मीटिंग में भारत के चतुर्थ स्तंभ प्रिंट मीडिया एंड इलेक्ट्रॉनिक मीडिया तथा सोशल मीडिया में कार्यरत पत्रकारों को सम्मानित किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विष्णु धीमान तथा विशिष्ट अतिथियों में निरंतर समाचार पत्र के संपादक रामप्रसाद कुमावत एवं प्रसिद्ध पत्रकार विमल चौहान थे । मीटिंग का प्रारंभ शांतिलाल लवासिया एवं रामलाल लालनेचाने वाद्य यंत्र के साथ मधुर स्वर में भगवान श्री कृष्ण के मधुर गान के साथहुआ। जिला मंत्री हेमंत दीक्षित द्वारा मीटिंग का संचालन करते हुए सभी सदस्यों से अपनी किसी समस्या को सदन के सामने रखने हेतु निवेदन किया । पत्रकार सम्मान समारोह में विष्णु धीमान , रामप्रसाद कुमावत , विमल चौहान, संजय सिंह गहलोत, प्रवीण वैषणव , शांतिलाल , हेमंत साहू , अनिल सिखवाल , विजय महरानियां , शंभू व्यास , महेंद्र सिंह रावत , सुनील तालेवा आदि थे । नव आगंतुक नव पेंशनर के रूप में नैन सिंह रावत का माल्यार्पण द्वारा स्वागत किया गया । वरिष्ठ उपाध्यक्ष गुलाम सरवर ने सभी का आभार एवं धन्यवाद अभिव्यक्त किया। सम्मेलन में इस अवसर पर राधेश्याम शर्मा , दुर्गा लाल जाठात , भंवरलाल भट्ट , ओम प्रकाश अठावाल ,रुघा सिंह पंवार , मदनलाल अग्रवाल , किशन सिंह जवाजा , रामचंद्र जवाजा ,दलपत सिंह खोडमल , बालू सिंह गहलोत , ओम सिंह रावत , हर कारण जलवानिया , भीम सिंह ,हरि सिंह , देवीलाल मेहरात , हीरा सिंह , बाबूलाल खारवाल , राजेंद्र त्रिपाठी , के साथ कई वरिष्ठ पेंशनर उपस्थित थे ।

### महाराणा प्रताप जयंती मनाई

**ब्यावर** (निसं)। यूथ संगठन द्वारा मेवाड़ी गेट स्थित महाराणा प्रताप सर्कल पर हिन्दू सम्राट महाराणा प्रताप की मूर्ति पर माल्यार्पण कर जयकारे लगाए। सुधीर सिंह तोमर, दुर्गा सिंह, बृजेश साहू ने महाराणा प्रताप सर्कल को अग्निशमन की टीम का सहयोग लेकर सर्किल की साफ सफाई और धुलाई करवाई। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में पृथ्वी सिंह भोजपुरा ने विधिवत रूप माल्यार्पण कर, युवाओं में जोश भरके महाराणा प्रताप के जयकारे लगाए। बृजेश साहू ने सभी का दुपट्टा पहना कर स्वागत सत्कार किया और बताया कि हिंदी तिथि के अनुसार 29 मई को शहर की सभी सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं का सहयोग लेकर आगामी कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए निवेदन किया सभी हिंदू संगठन मार्गदर्शन लेकर इस कार्यक्रम को सफल बनाएंगे। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी व जिला कलेक्टर महेंद्र खड़गावत से भी इस ऐतिहासिक धरोहर को अच्छा स्वरूप देने की मांग की। कार्यक्रम के दौरान यूथ संगठन के संस्थापक बृजेश साहू, महिला अध्यक्ष यूथ संगठन नीलम कंवर राठौड़, कार्यक्रम संयोजक सुधीर सिंह तोमर, सहसंयोजक दुर्गा सिंह, सुरेश चौहान, गोविंद सिंह राठौड़, नीरज राठौड, कुलदीप साहू, साहू समाज नवयुवक मंडल पूर्व अध्यक्ष शिव गुलाणिया, बालकिशन बाबरा, यूथ संगठन के उपाध्यक्ष राजेंद्र बातरा, मीडिया प्रभारी बृजेश शर्मा सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

# सैनिकों का मनोबल बढ़ाने के लिए शहर काजी के नेतृत्व में की नारेबाजी

**शाहपुरा ।** शहर काजी सैयद शराफत अली के नेतृत्व में भारतीय सैनिकों का मनोबल बढ़ाने के लिए फुलिया गेट चौराहे पर आम मुस्लिम समाज शाहपुरा एवं फुलिया गेट चौराहे के व्यवसायियों ने हिंदुस्तान जिंदाबाद, भारतीय सेना जिंदाबाद, पाकिस्तान मुर्दाबाद, आतंकवाद मुर्दाबाद के नारे लगाकर सैनिकों का मनोबल बढ़ाया।

शहर काजी ने अपने उद्बोधन में कहा कि सभी नागरिकों को सेना व प्रशासन के द्वारा दी जाने वाली गाइडलाइन की सख्ती से पालना कर राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों की पालना करे। उन्होंने कहा कि प्रशासन की स्वीकृति मिलने पर सभी मुस्लिम समाज के लोग देश की रक्षा के लिए हर प्रकार से मदद के लिए तैयार है। पार्षद हमीद खां कायमखानी ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया जा रहा है और सेना के साहस और हिम्मत के कारण सभी देशवासी पूर्णत: सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। सभी देशवासी व राजनीतिक पार्टियां



भारतीय सैनिकों का मुस्लिम समाज ने मनोबल बढ़ाया ।

■ भारतीय सैनिकों का मनोबल बढ़ाने के लिए फुलिया गेट चौराहे पर आम मुस्लिम समाज शाहपुरा एवं फुलिया गेट चौराहे के व्यवसायियों ने हिंदुस्तान जिंदाबाद पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए

आपसी मतभेद भुलाकर एकजुटता के साथ देश के समर्थन में मजबूती से खडी हुई है। यही हमारे देश की असली पहचान है। इस मौके पर पार्षद मुबारिक हुसैन रंगरेज, पार्षद यूसुफ मोहम्मद सिलावट, हाजी सद्दीक पठान, हाजी उस्मान छीपा, शब्बीर आजाद, शहाबुद्दीन सिलावट, पीर मोहम्मद मंसूरी, रमेश व्यास, उस्मान खान, अमजद खान, अहमद खान, चांद मोहम्मद सुलेमान खान, नूर मोहम्मद, का फिरोज खान, अजीज मोहम्मद, फिरोज खान, सुरेश सेन, रमेश सेन, विष्णु झंवर सहित शहर के सैकड़ों गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## चतुर्थ पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा संपन्न

**अजमेर ।** अनाथ एंव निराश्रित बालक-बालिकाओं का पालन पोषण कर रही सन् 1895 में स्थापित राजस्थान की सबसे बड़ी व पुरानी स्वयं सेवी संस्था दयानन्द बाल सदन, अजमेर के पूर्व मेधावी आवासी व प्रधान प्रो. रासासिंह रावत, पूर्व सांसद की तृतीय पुण्यतिथि दयानन्द बाल सदन, अजमेर के बाल गृह में देवयज्ञ के साथ सद्भावना पूर्ण वातावरण में सादगी पूर्ण मनाई गई।

कार्यक्रम की शुरूआत सांयकाल 5.30 बजे देवयज्ञ के साथ हुई, जिसके ब्रह्मा आचार्य अमर सिंह शास्त्री तथा यज्ञ में मुख्य यज्ञमान विजय सिंह आर्य, प्रभुसिंह आर्य, विवेक सिंह भाटी, निर्मल कुमार तथा संस्था के आवासी बालक बालिका थे।

सर्वप्रथम संस्था सचिव विजय सिंह आर्य ने प्रो. रासासिंह रावत को श्रद्धांजली प्रकट करते हुए भावुक स्वर में उनसे सम्बन्धित संस्मरण सभा के सम्मुख प्रकट किये। उन्हेंने संस्था के प्रति प्रो. रावत द्वारा किये गये कार्यां को सभा के सम्मुख रखा। संस्था के आवासी बालक-बालिकाओं तथा स्टाफ ने भी प्रो. रासा सिंह रावत को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

## शांति समिति की बैठक संपन्न

**अजमेर ।** सदर कोतवाली में संयुक्त शांति समिति की मीटिंग का आयोजन रखा गया, जिसमे हाल ही भारत पाकिस्तान के बीच तनावपूर्ण वातावरण के दौरान आमजन को जागरूक करने, क्षेत्र में रोजाना ठगी प्रकरण, साइबर क्राइम, अफवाहों पर ध्यान न देने, अधिकृत संदेशों को तवज्जों देने, नकारात्मक संदेशों के प्रति सचेत करने के लिए विचार विमर्श किया गया।


LSG/BEAWAR/MUT/2025-26/129785 DATE :- 05.05.2025

रजि बेचान-नामा

**कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर**

क्रमांक/नगरीय विकास कर/2025-26/1414 दिनांक 09-05-25

सार्वजनिक सूचना

श्रीमती किंजल सोनी पत्नी श्री विजय सोनी निवासी ब्यावर ने क्षेत्र नं. 3 कोट गली बिचलडी मोहल्ला म्यु नं. 30 का भाग प्र.नं. 10 क्षेत्रफल 81.72 वर्गगज, जो कि नगर परिषद ब्यावर के नगरीय विकास कर रिकॉर्ड में श्री गिरीश कुमार उदासी पुत्र श्री पवन कुमार के नाम दर्ज है। रजि बेचान-नामा दिनांक 27.03.2025 व स्वयं घोषणा शपथ पत्र प्रस्तुत कर नगरीय विकास कर अनुभाग (गृहकर) पंजिका में नाम अन्तरण के लिए आवेदन किया है। अत: इस नाम परिवर्तन के संबंध मे किसी व्यक्ति या किसी संस्था को कोई आपत्ति हो तो मय प्रमाणित दस्तावेज सात दिवस में आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपत्ति विचारणीय नहीं होगी। आयुक्त नगर परिषद ब्यावर

**कार्यालय ग्राम पंचायत कटसूरा, पंचायत समिति अराई,अजमेर**

क्रमांक-ग्रा.प.क/निर्माण/2025-26/9 दिनांक :-08.05.25

सीमित निविदा सूचना

पंचायत समिति अराई की अधीनस्थ ग्राम पंचायत कटसूरा में कार्य का नाम ग्राम कटसूरा में ग्राम पंचायत कटसूरा में सार्वजनिक खुला तिब्बारा निर्माण कार्य के लिए सिमित निविदाएं आमंत्रित कि जाती है। विस्तृत विवरण http:\\sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

NIB NO: ZAJ2526A0404

UBN No: ZAJ2526WSLB00461

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत कटसूरा — प्रशासक, ग्राम पंचायत कटसूरा

